अतिमहत्वपूर्ण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0 मोड/
निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप/अनु04/2025/ 542 **लखनऊःदिनांक–** 03.05.2025

विषयः–सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–जून, 2025 के परीक्षा कार्यक्रम के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप/अनु04/2025/312 दिनांक 25–04–2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–जून, 2025 की परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर अपलोड करते हुए प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम का भली–भांति परीक्षण करने एवं परीक्षा कार्यक्रम में यदि किसी प्रकार की त्रुटि, clashing या किसी विषय की परीक्षा छूट रही हो तो उक्त की सूचना प्रत्येक दशा में दिनांक 30–04–2025 तक परिषद कार्यालय के अनुभाग–4 की ई0मेल0 आई0डी0 anubhag4bte@gmail.com पर प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त के क्रम में विभिन्न तिथियों में परिषद को ई0मेल0 के माध्यम से दिनांक 02–05–2025 तक संस्थाओं द्वारा प्राप्त सूचनाओं को संकलित कर अंतिम रूप से परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन करते हुए संशोधित परीक्षा कार्यक्रम परिषद की वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। कृपया अद्यतन परीक्षा कार्यक्रम का भलीभांति अवलोकन करते हुए अपने स्तर से संस्था के छात्र/छात्राओं को सूचित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/अनु04/2025/ 543-48 **तद्दिनांक–** 03.05.2025

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/मध्यक्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र।
5. समस्त अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\exam sheme June 25.docx